**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 03.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करने के अवसर पर सभी ब्लॉकों और विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- अंडमान निकोबार विधिक सेवा प्राधिकरण ने 'पॉक्सो अधिनियम और पॉश अधिनियम' पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।
- अतिरिक्त जिला मजेस्ट्रेट ने जनता से विद्युत विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने को कहा।
- राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने कल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में सभी ब्लॉकों और विभिन्न ग्राम पंचायतों में एक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित किया गय। पूरे द्वीप समूह में एक हजार दो सौ तीस किसान, पंचायती राज संस्थान के सदस्य, कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारी और विभागीय अधिकारी वेबकास्ट के माध्यम से लाइव सत्रों में शामिल हुए। पीएम–किसान योजना के तहत द्वीप समूह के कुल तेरह हजार उनसठ किसानों को अप्रैल से जुलाई की अवधि के लिए दो हजार रूपए प्राप्त हुए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रयास एनजीओ के सहयोग से निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'पॉक्सो अधिनियम और पॉश अधिनियम' पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय सर्किट बेंच के उप रजिस्ट्रार, सह–सदस्य सचिव राशिद आलम उपस्थित थे। कार्यक्रम में उन्होनें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने के तरीकों के बारे में बताया। पॉक्सो न्यायालय के उप विशेष न्यायाधीश, नियाज़ आलम ने बाल सुरक्षा पर बात की, जबकि उप मुख्य

न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्राट रॉय ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और पुनर्वास पर प्रकाश डाला। जे.एम.एफ.सी II –सह– प्रधान मजिस्ट्रेट, जेजेबी, जयंतो मुखर्जी ने किशोर न्याय के मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे सत्र अत्यधिक संवादात्मक और जानकारीपूर्ण रहा। कार्यक्रम का समापन महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और जागरूक समाज बनाने के आह्वान के साथ हुआ।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के सामुदायिक सभागार में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पी टी ए अध्यक्ष बिन्दू ने छात्रों के हित में बातें की। उन्होंने पी टी ए समिति के नए सदस्यों का परिचय कराया। दसवीं और बारहवीं कक्षा के बोर्ड परिणामों तथा खेल कूद और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों सहित विभिन्न श्रेणियों में छात्रों की उपलब्धि के विषय में बताया। बैठक में धन आबंटन, नियोजित गतिविधियां और सुधार के विषय पर भी चर्चा की गई। बैठक में पंचायत के प्रमुख ई एस राजेश भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला प्रशासन ने कल गुप्तापाड़ा सामुदायिक भवन में एक कैंप कोर्ट का आयोजन किया। शिविर में दक्षिण अंडमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, विनायक चमड़िया ने जनता को विद्युत विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने निवासियों से सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए अपने दस्तावेज़ संभाल कर रखने का आह्वान किया। शिविर के दौरान, राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लंबित दाखिल खारिज आवेदनों का निपटान किया। कार्यक्रम में श्रीमती के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर एक सूचनात्मक सत्र भी आयोजित किया गया। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने योजना की विशेषताओं और लाभों के बारे में बताया। दक्षिण अंडमान के जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने भी गुप्तापारा, वंडूर, मंगलुटन, हम्फ्रेगंज और फोंगी बालू में चल रही विकास पहलों पर बात की। कार्यक्रम में स्थनीय निवासियों ने भी बढ़चढ कर भाग लिया। उधर कालीकट ग्राम पंचायत में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तहसीलदार थॉमस वर्गीस, कालीकट ग्राम पंचायत के

प्रधान, और अन्य प्रमुख हितधारकों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार का ध्यान ज़मीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने पर है। शिविर में राजस्व के सात मामलों का भी निपटारा किया गया और कई व्यक्तियों से भू–राजस्व एकत्र भी किया गया। इसके अतिरिक्त, संबंधित अधिकारियों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन फॉर्मों का सत्यापन किया गया, जिससे एक ही छत के नीचे सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला उपलब्ध हुई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय के खेल अनुभाग ने कल मुख्यालय क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल सत्ताईस विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें महात्मा गांधी इन्टरनेशनल स्कूल को प्रथम, सीनियर सेकेन्डरी स्कूल कार्मेल को दूसरा और उम्मत पब्लिक स्कूल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञानशील दुबे मुख्य अतिथि थे। उन्होंने इस आयोजन के लिए दक्षिण अंडमान के उप निदेशक की टीम की सराहना की।

<><><><><><><>

रंगत क्षेत्र के प्राथमिक छात्रों, शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए चार दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम कल पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सबरी जंक्शन में एक समकालिक शतरंज प्रदर्शनी मैच के साथ संपन्न हुआ। शिक्षा निदेशालय द्वारा 'स्कूल में शतरंज' पहल के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शुरुआती खिलाड़ियों को शतरंज की बुनियादी बातों से परिचित कराना था, साथ ही नए खिलाड़ियों को संरचित निर्देश और अभ्यास खेलों के माध्यम से अपने कौशल को निखारने में मदद करना था। समापन्न समारोह में कल खेले गए मैच का उद्घाटन रंगत के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. सुशीम कुमार बिस्वास ने औपचारिक प्रथम चाल के साथ किया। सबरी स्कूल के प्रभारी शिक्षक रफीक ने समापन समारोह में सिमुल प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष और बम्बूफ्लैट की जिला परिषद सदस्य वी.के. मरियम बीबी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में प्रशासन की आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव से मुलाकात कर फीनिक्स बे और चैथम जेटी पर यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों के बारे में चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ नागरिकों, रोगियों और विकलांग व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से बसों और ऑटो जैसी परिवहन सेवाओं तक पहुँचने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी

पड़ती है। मुलाकात के दौरान पंचायती राज संस्था के सदस्यों ने फीनिक्स बे और मरीन गेट के बीच बैटरी चालित वाहनों की तैनाती का अनुरोध किया और चैथम की यात्री नौका सेवाओं को हड्डो या न्यू व्हीकल फेरी जेट्टी जैसे अधिक सुगम स्थान पर स्थानांतरित करने का भी सुझाव दिया। उठाई गई चिंताओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, आयुक्त–सह–सचिव ने बताया कि प्रशासन नौका सेवा को स्थानांतरित करने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच, तत्काल राहत उपाय के रूप में, प्रशासन ने वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों के लाभ के लिए फीनिक्स बे जेट्टी पर एक निःशुल्क बैटरी चालित वाहन सेवा शुरू की है।

**<><><><><><><>**